including five trolleys for train-side vending.

(b) and (c). Some reports have been received about unauthorised hawking by unlicensed persons mainly in the concourse and the portico of this station. Intensive drives are regularly conducted at Howrah station against unauthorised hawkers so as to keep the station free from this nuisance.

रेल मंत्रालय में सलाहकार समितियां

2843. **श्री नवाब सिंह चौहान :**
श्री विनायक प्रसाद यादव :
श्री उग्रसेन :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय रेल मंत्रालय में कितनी सलाहकार समितियां काम कर रही हैं ;

(ख) इन समितियों के कृत्य क्या हैं और उन पर वार्षिक व्यय कितना होता है ;

(ग) भूतपूर्व रेल मंत्रियों ने पिछले चार वर्षों में कौन-कौन सी सलाहकार समितियों का गठन किया था ; और

(घ) उनके सदस्य कौन-कौन थे और उनका चयन किस आधार पर किया गया था ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) रेल मंत्रालय द्वारा गठित कोई परामर्श समिति इस समय रेल मंत्रालय में कार्य नहीं कर रही है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) पिछले चार वर्षों के दौरान तत्कालीन रेल मंत्रियों ने राष्ट्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्श परिषद् और रेलवे हिन्दी सलाहकार समिति का गठन किया था ।

(घ) (i) **राष्ट्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्श परिषद् (6-3-1976 से 20-8-77 तक)** इसमें सरकारी और गैर-सरकारी दोनों प्रकार के सदस्य थे । गैर-सरकारी सदस्यों में संसद् सदस्य क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्श समितियों के चुने हुए प्रतिनिधि, अखिल भारतीय व्यापार ऐसे एसोसिएशनों के प्रतिनिधि, कृषि हितकारी, अवकाश प्राप्त रेल अधिकारी तथा जिन पक्षों को शामिल करना रेल मंत्री ने आवश्यक समझा, उनके प्रतिनिधि थे ।

रेलवे हिन्दी सलाहकार समिति (1973 में गठित)

(ii) इस समिति में सरकारी और गैर-सरकारी दोनों प्रकार के सदस्य थे । रेल मंत्री इसके अध्यक्ष थे । गैर-सरकारी सदस्यों में संसद् सदस्य, अखिल भारतीय स्वयंसेवी हिन्दी संस्थाओं जैसे हिन्दी साहित्य सम्मेलन, दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा आदि के प्रतिनिधि तथा हिन्दी के प्रचार-प्रसार तथा विकास में विशेष रुचि रखने वाले प्रख्यात साहित्यिक व्यक्ति जैसे लेखक-पत्रकार, प्रोफेसर आदि शामिल थे ।

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री के विशेष सचिव

2844. **श्री नवाब सिंह चौहान :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री ने मंत्रालय में अपनी नियुक्ति के पश्चात् एक आई० ए० एस० अधिकारी को अपने विशेष सचिव के रूप में नियुक्त किया था ;

(ख) क्या यह सच है कि दो दिन के पश्चात् उसे इस पद से हटा दिया गया था ;